प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'इक्कीस'

[9/12/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 1016]

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1016 के प्रश्नांश ''ख'' एवं ''ग'' का परिशिष्ट ''अ''

मा0 विधायक महोदय के पत्र क्रमांक 106 A/KSW/PA/ दिनांक 26.4.2016 में 04 बिन्दुओं में सा0स्वा0के0 कसरावद में डिजिटल एक्सरे मशीन के प्रदाय, प्रथम श्रेणी स्त्रीरोग, मेडिसिन विशेषज्ञ की पदस्थापना, पोस्टमार्टम कक्ष के निर्माण, रैन बसेरा निर्माण संबंधी कार्यो का लेख किया गया था। पदपूर्ति के संबंध में उत्तरांश ''क'' में वर्णित स्थिति के कारण कार्यवाही नहीं की जा सकी है विगत वर्ष जून 2015 में 1896 चिकित्सकों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा चुका है परंतु चयन सूची अप्राप्त होने तथा चयन प्रक्रिया प्रचलन में होने के कारण एवं विशेषज्ञ/स्नातकोत्तर चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं हो पाने के कारण पदपूर्ति कार्यवाही नहीं की जा सकी है। प्रकरण प्रक्रियाधीन है। कसरावद में वर्तमान में एक्सरे मशीन स्थापित एवं संचालित है, डिजिटल एक्सरे मशीन के संदर्भ में अवगत होवें कि विभाग द्वारा जारी वायटल ऐशेन्सियल एवं डिजायरेबल श्रेणी के उपकरणों की सूची अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर की संस्थाओं में डिजीटल एक्सरे मशीन प्रदाय किए जाने का प्रावधान नहीं होने के कारण, कसरावद में डिजिटल एक्सरे मशीन प्रदान नहीं की जा सकी है, पोस्टमार्टम कक्ष का निर्माण संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विभाग अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में रेन बसेरा निर्माण की कोई कार्ययोजना (scheme) नहीं है। उपरोक्त पत्र में वर्णित समस्त प्रकरणों में कार्यवाही पूर्ण होने पर अवगत कराये जाने संबंधी कार्यवाही की जा सकेगी।

उप संचालक(विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,म0प्र0

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण विभाग.